Regarding need to formulate a Special Task Force to control trafficking of narcotics in various places of Rajasthan- laid

श्रीमती मंजू शर्मा (जयपुर) : मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र के युवा वर्ग में नशे (Drugs) की बढ़ती प्रवृत्ति और उसके दुरुपयोग की ओर आकर्षित कराना चाहती हूँ । यह समस्या चिंताजनक गति से बढ़ रही है और समाज तथा परिवार दोनों के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है । राजस्थान के अनेक जिले विशेषकर बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, जयपुर और जोधपुर में युवाओं में नशीले पदार्थों की उपलब्धता और उनकी खपत लगातार बढ़ रही है । स्कूल-कॉलेज जाने वाले बच्चे और युवा नशे की चपेट में आ रहे हैं जिससे घर-परिवार शिक्षा और समाज सभी प्रभावित हो रहे हैं । इस समस्या को बढ़ावा देने वाले कई कारक सामने आए है । सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों की तस्करी बढ़ रही है । सोशल मीडिया व साथियों के दबाव से नशे की ओर झुकाव स्थानीय स्तर पर अवैध बिक्री केंद्रों की सक्रियता है । युवाओं में जागरुकता का अभाव है । इस स्थिति को रोकने के लिए सख्त निगरानी, त्वरित कार्रवाई और जागरुकता कार्यक्रमों की तत्काल आवश्यकता है । मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि राजस्थान में नशीले पदार्थों की तस्करी पर कठोर कार्रवाई हेतु विशेष टास्क फोर्स बनाई जाए । स्कूल-कॉलेजों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान अनिवार्य रूप से चलाए जाएँ । युवाओं के लिए काउंसलिंग सेंटर और नशा मुक्ति हैल्पलाइन को सुदृढ़ किया जाए । नशे की अवैध बिक्री में संलिप्त व्यक्तियों पर त्वरित दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए । मैं सरकार से मांग करती हूँ कि राजस्थान का भविष्य हमारे युवा हैं और उन्हें नशे की इस भयावह लत से बचाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है ।